तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 भगवान शिव स्तुति करने से श्रद्धालु भक्तों को मिलते...



10 कोमा में उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी और घर-घर..












## खबर संक्षेप

### डिजिटल क्रॉप सर्वे की राशि जारी करने की मांग

**महासमुंद।** राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत गिरदावरी रिपोर्ट तैयार कराया गया था। इस कार्य के लिए नियुक्त सर्वेयरों को प्रति टॉस्क 10 रुपए देना था, लेकिन यह राशि अब तक नहीं मिली है। सर्वेयर का काम करने वाले चंदन साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से डिजिटल क्रॉप सर्वे की रकम देने की मांग की है।

### इन पांच टंकियों से वार्डों में होने वाली जलापूर्ति आज रहेगी बाधित

**महासमुंद।** विद्युत विभाग द्वारा दिवाली पर्व पूर्व फिल्टर प्लांट बेलसोंडा और मुढ़ेना के इंटकवेल में मेंटनेंस कार्य कराए जाने के कारण चलते 28 अक्टूबर सोमवार की शाम को शहर के पांच टंकियों से होने वाले जलापूर्ति बाधित रहेगी। नगर पालिका की ओर से जारी सूचना के अनुसार शहर के नयापारा क्षेत्र स्थित अटल आवास, अंबेडकर स्कूल, बस स्टैंड, अपना मार्केट और पिटियाझर पानी टंकी में जलभराव नहीं हो पाएगा, जिसकी वजह से उक्त पानी टंकियों से उक्त वार्डों में होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और सीएमओ विजय पांडेय ने नागरिकों को होने वाली इस परेशानी के लिए खेद व्यक्त किया है।

### होटल में शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जगदीशपुर रोड स्थित होटल में शराब पीने की सुविधा देने पर संचालक पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि जगदीशपुर रोड स्थित अपना होटल में उसका संचालक लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। पुलिस ने वहां पहुंचकर पूछताछ की जिस पर होटल संचालक ने अपना नाम जितेंद्र चौहान पिता शौकीलाल चौहान (39 साल) पिरदा होना बताया और शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराना स्वीकार किया। पुलिस ने उक्त स्थान पर दो नग देशी प्लेन शराब की खाली शीशी व दो नग डिस्पोजल गिलास को जब्त किया। वहीं आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

# दीपपर्व को लेकर असमंजस दूर करने हुई सर्व हिंदू समाज की बैठक

## 30 को धनतेरस और 1 नवंबर को मनाई जाएगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 2 को गोवर्धन पूजा और 3 नवंबर को भाई दूज का पर्व
- प्रदोष काल तक हो तो लक्ष्मी के लिए प्रसन्नता कारक

दीपावली पर्व मनाए जाने को लेकर जारी संशय को दूर करने और सर्वसम्मत निर्णय के लिए शहर के महामाया मंदिर प्रांगण में सर्व हिंदू समाज द्वारा नगर पुरोहितों और आचार्यजनों की बैठक आयोजित हुई। इस विषय पर संस्कृत के आचार्य विजय शर्मा एवं नगर पुरोहित पंकज महाराज द्वारा बताया गया कि दो दिन अमावस्या होने से दूसरे दिन की अमावस्या यदि प्रदोष काल तक हो तो माता लक्ष्मी के लिए प्रसन्नता कारक होता है। 01 नवंबर का अमावस्या का सूर्य उदय काल में भी, सूर्यास्त काल में भी और प्रदोष काल में भी व्याप्त है। इसलिए, मां भगवती लक्ष्मी की पूजा 01 नवंबर को दिन व रात्रि में किसी भी समय का उत्तम योग कारक है। उपस्थित सभी आचार्यजनों ने कार्तिक कृष्ण अमावस्या 1 नवंबर दिन शुक्रवार को पूरे अंचल में दीपावली त्योहार मनाने का निर्णय लिया।



### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में आचार्य विजय शर्मा, नगर पुरोहित पंकज महाराज, हेमंत द्विवेदी, नारायण दास वैष्णो, श्रवण कुमार शास्त्री, रोशन शर्मा, राजेश महाराज, त्रिभुवन प्रसाद तिवारी, अरविंद शर्मा, संतोष दुबे, संतोष वैष्णव, सुरेंद्र महाराज, मां महामाया के पुजारी राजू एवं सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ता अखिलेश लूनिया, उत्तम वर्मा, ईश्वर साहू, नरेश नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दीपपर्व के साथ अन्य पूजन की भी तिथि तय हुई

महामाया मंदिर में सभी आचार्यजनों के बीच में उक्त निर्णय लिया गया। जिसके अनुसार धनतेरस 30 अक्टूबर, नरक चौदस 31 अक्टूबर, लक्ष्मी पूजा 1 नवंबर, गोवर्धन पूजा 2 नवंबर एवं भाई दूज 3 नवंबर को मनाया जाएगा।

## कार्रवाई : तस्करों ने गाड़ी के साथ बकायदा लगा रखा था एक पायलट, तस्करी हुई नाकाम

# प्रशासन ने दी अवैध खदानों में दबिश पुलिस ने पकड़ा पौने 7 लाख का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा सिरपुर क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ छापामार कार्रवाई की है वहीं पुलिस ने गांजा तस्करों के द्वारा अपनाए गए गांजा तस्करी के नए पैंतरे को फेल किया है। तस्करों ने बकायदा पायलेटिंग करते हुए तस्करी की योजना बनाई लेकिन, उसे भी जिला पुलिस ने फेल कर दिया।

कोमाखान पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त 4 लोगों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने आरोपियों की संयुक्त कब्जे की 03 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी प्रत्येक बोरी में 15 किलो 120 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 45 किलो 360 ग्राम कीमत लगभग 6, 75, 000 रुपए सहित अन्य सामान जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत कार्रवाई की। कोमाखान पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि 3 व्यक्ति एक सफेद रंग की हुंडई कार क्रमांक ओआर 17 जी 0211 के पीछे डिक्की के अंदर छिपाकर अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए ओडिशा से महासमुंद की ओर आ रहे हैं वहीं एक व्यक्ति गहरा नीले रंग की स्कूटी टीवीएस जूपीटर बिना नंबर में सवार होकर कार के आगे-आगे पायलेंटिग करता हुआ आ रहा है। जिन्हें संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ किया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर स्कूटी के चालक ने अपना नाम राजा चौधरी पिता शशि चौधरी (29 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 10 डॉ अंबेडकर वार्ड थाना मंडला जिला मंडला (मप्र) एवं कार चालक ने अपना नाम आकाश यादव पिता रमेंश यादव (32) वार्ड नंबर 09 बुडी माई मंदिर के पास मंडला थाना मंडला जिला मंडला (मप्र.) एवं बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मनीष चौधरी पिता गोविंद चौधरी (28) वार्ड 13 बड़ी खैरी थाना मंडला जिला मंडला (मप्र) व कार के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राजू साहू पिता डमरूधर साहू (24 वर्ष) ग्राम पदमपुर थाना पदमपुर जिला रायगढ़ ओडिशा का होना बताया।

### अवैध उत्खनन करते दो चैन माउंटेन मशीन जब्त



**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा ग्राम खड़सा में रेत के अवैध उत्खनन में लिप्त चैन माउंटेन मशीन टाटा हिताची को नदी क्षेत्र से जब्त किया गया। वहीं सिरपुर क्षेत्र में खनिज विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए ग्राम केडियाडीह के नदी क्षेत्र से एक चैन माउंटेन लोडर मशीन को जब्त किया गया। अवैध उत्खननकर्ताओं द्वारा मशीन को नदी क्षेत्र में उत्खनन के पश्चात उत्खनन क्षेत्र से दूर छुपाया गया था। जिसमें जांच दल द्वारा चैन माउंटेन के निशान को देख कर मशीनों का पता लगाया गया। सभी मशीनों को जब्त कर थाना तुमगांव की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि रेत के अवैध उत्खनन तथा परिवहन की शिकायत पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग के दल ने 23 से 25 अक्टूबर तक रात्रि गश्त करते हुए सिरपुर क्षेत्र से 09 हाईवा वाहनों के विरुद्ध अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा चुका है।

### प्लास्टिक बोरी में छिपा रखा था गांजा

कार के पीछे डिक्की के अंदर 03 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियो के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा छिपा रखा था। आरोपियों ने बताया कि धन्नू सेठ कंठमाल जिला बलांगीर ओडिशा के मोबाईल नंबर से कॉल कर मुलाकात हुई बाद में आरोपियों को एक नवनिर्मित मकान में छोड़कर कार को ले गए। फिर कुछ घंटे बाद उनकी कार में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर हमें कोई दूसरी जगह ले जाकर दिया। फिर गांजा मंगाने वाला राजा खरीक उर्फ राजा सोनकर ने धन्नू सेठ फोन से बात कर पैसे के लेनदेन की बात की और बाद में गांजा से भरी कार को लेकर मंडला जिला मंडला मप्र के लिए निकले। फिर राजा खरीक उर्फ राजा सोनकर ने रास्ते में खर्च के लिए आकाश यादव के फोन पे यूपीआई आईडी में 25, 000 रुपए डाले।

## जमीन का सौदा कर 90 लाख लेने के बाद भी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी

**महासमुंद।** जमीन का सौदा कर 90 लाख रुपए लेने के बाद भी रजिस्ट्री कराने में आनाकानी करने वाले दो लोगों के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि गौरव अग्रवाल पिता प्रदीप अग्रवाल (34 साल) निवासी रायपुर ने अवध नारायण दीक्षित पिता अक्षयवर दीक्षित (76 साल) भोकलूडीह की ग्राम लोहराकोट में स्थित जमीन खसरा नं.406, 407, 408, 409 कुल रकबा 7.180 हेक्टेयर खरीदने के लिए बिक्री 95,75,000 रुपए में सौदा पत्र इकरारनामा कराया था।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ने 05 जनवरी 2022 एवं 08 फरवरी 2022 कुल रकम 90 लाख रुपए विक्रेता अवध नारायण दीक्षित के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया और बाकी रकम रजिस्ट्री के बाद देने का सौदा हुआ। इसी दौरान 10 फरवरी 2022 को अवधनारायण दीक्षित की मृत्यु हो गई। सौदा पत्र इकरारनामा के मुताबिक भूमि स्वामी के द्वारा भूमि को परिवारजनों की पूर्ण सहमति एवं रजामंदी से विक्रय करना तथा भूमि स्वामी की मृत्यु होने की स्थिति में उनके वारिसानों एवं उत्तराधिकारियों के द्वारा रजिस्ट्री कराए जाने का अपने सौदा पत्र में उल्लेख किया गया था। लेकिन अब उनके पुत्र एवं विधिक उत्तराधिकारी आनंदवर्धन, आतंकमर्दन द्वारा आज दिनांक तक रजिस्ट्री नहीं कराया गया है। रजिस्ट्री कराने के लिए कहने पर टालमटोल किया जा रहा है तथा जमीन खरीदी हेतु दिए गए रकम 90 लाख को भी वापस नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उक्त जमीन को अन्य व्यक्ति के पास छलपूर्वक विक्रय करने के फिराक में है। पुलिस ने मामले को लेकर दिए गए आवेदन पर आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति पर सिंघोड़ा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंघोड़ा में एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब बिक्री हेतु छुपाकर रखा है। इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी राजाराम खुंटे पिता खैनू खुंटे (39 साल) सिंघोड़ा के कब्जे से कुल 20 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## अवैध रूप से ओडिशा निर्मित शराब बेचने वाले दो लोगों पर तेंदूकोना पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ओडिशा निर्मित शराब बेचने वाले दो लोगों पर तेंदूकोना थाना अंतर्गत बुंदेली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सुईनारा का मनोज ठाकुर ओडिशा राज्य की ओर से हिरण छाप शराब लेकर आने वाला है। पुलिस ने सुईनारा चरौदा मार्ग में पहुंचकर जंगल रास्ते जूट बोरी में सामान रखकर आ रहे व्यक्ति से पूछताछ की, जिसने अपना नाम मनोज ठाकुर पिता गुलाब ठाकुर सुईनारा का रहने वाला बताया। जूट बोरी की तलाशी के दौरान उसमें ओडिशा निर्मित हिरण छाप महुआ शराब 24 नग मिला। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई इसी तरह सुईनारा से चरौदा मार्ग में ही एक अन्य आरोपी माखन ठाकुर पिता छबीराम ठाकुर निवासी सुईनारा के कब्जे से ओडिशा निर्मित हिरण छाप महुआ शराब 23 नग बरामद किया गया।मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) क आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### शंकर नगर में श्रीमद भावगत कथा 5 से

**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर वार्ड नं. 1 कृपा डेयरी के पास 5 नवंबर से 13 नवंबर तक श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यत्र का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया है। व्यासपीठ से भागवत कथा का बखान भगवताचार्य डूमरपाली वाले पं. मिथलेश कुमार तिवारी करेंगे। कलश यात्रा, वेदी पूजन, गौकर्ण से 5 नवंबर से कथा का शुभारंभ होगा। 6 को सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, 7 को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 8 जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, 9 को गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, राम-कृष्ण जन्म, 10 को बाल लीला कंश वध, 11 को सुदामा चरित्र एवं 13 को नवंबर को हनुमान जी की मूर्ति स्थापना, गीता उपदेश, हवन, सहस्त्रधारा व भंडारा होगा।

### मंगलवार को भी सेलून खोलने का निर्णय

**महासमुंद।** आगामी दीप पर्व के मद्देनजर शहर के सेलून व्यवसाइयों द्वारा संघ की एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें संघ के विभिन्न पदाधिकारियों के अलावा सदस्यगण उपस्थित रहे। संघ ने लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए जारी प्रेस नोट में कहा है कि आगामी मंगलवार को सेलून दुकानें खुली रहेंगी। संघ अध्यक्ष हेमलाल ठाकुर ने बताया कि धनतेरस, दीपावली पर्व के मद्देनजर इस मंगलवार को सेलून दुकानें खोलने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सेलून संघ के अध्यक्ष हेमलाल ठाकुर, चेतन सेन, तुकेश सेन, मीनू सेन, महेंद्र सेन, प्रकाश सेन, राकेश सेन, उमाशंकर, द्वारका सेन, चंद्रशेखर सेन, उमेश सेन, पप्पू सेन, बसंत सेन, संजय सेन, बीनू सेन, हरिश सेन, टोबू सेन, गोलू सेन, अनिल आदि मौजूद रहे।



## दाबपाली स्कूल में रंगोली व सुआ नृत्य प्रतियोगिता हुई

**नर्रा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में दीपावली छुट्टी के पूर्व रंगोली प्रतियोगिता एवं सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं छग के पारंपरिक सुआ नृत्य वेशभूषा से सुसज्जित सभी बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर रसोइया को शाला स्टॉफ द्वारा साड़ी भेंट किया गया। बच्चों को दीपावली की छुट्टी सुनाई गई। इस दौरान प्रधान पाठक दीवान, शिक्षक मार्टिन छाबड़ा, शिक्षक ललित पटेल आदि मौजूद रहे।

## गांवों में अब गूंजने लगा सुआ गीत



**नर्रा।** दीपों का पर्व दीपावली पर स्कूलों में छुट्टी होते ही छोटी-छोटी बच्ची, युवतियों द्वारा वेशभूषा में छग के परंपरिक सुआ गीत व नृत्य अंचल में गूंजने लगा है। इधर, लोग घरों व दुकानों की साफ सफाई व रंग रोगन की कार्य में व्यस्त है। रंगोली वार्निस, डिस्टेंपर, चूना, लाई, बताशा, फूलमाला की दुकानें भी सज गई है।



## टोली बनाकर युवतियां दे रही सुआ नृत्य की प्रस्तुति

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में दीपावली से पहले सुआ नृत्य की छत्तीसगढ़ी परंपरा है। युवतियां व छोटी बच्चियां भी टोली बनाकर गली-मोहल्लों में घूम-घूम कर सुआ नृत्य कर रही हैं। इन दिनों ऐसा ही नजारा शहर व गांवों के गली-मोहल्लों में देखने को मिल रहा है। वहीं अब पहले की तरह नृत्य करने वाली टोलियों की संख्या में 20 युवतियां व बच्चियां परंपरा का निर्वहन कर रही हैं। अलग-अलग छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले बच्चों की खुशी देखते ही बन रही है सुआ नृत्य करने वाले बच्चों को शिक्षक मंजू चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर द्वारा गिफ्ट प्रदान किया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारिवारिक सुआ नृत्य दीपावली के पहले शुरू हो जाते हैं।

# ग्रामीण के साथ सरला ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व छग राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, सरायपाली विधानसभा के भाजपा मंडल भंवरपुर के बूथ क्रमांक 64 भंवरपुर इंदिरा नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 115वां संस्करण कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ सुनी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने का आह्वान किया गया। आज कल तकनीकी का दुरुपयोग कर जो डिजिटल धोखाधड़ी हो रहा है उससे सावधान रहने की बात कहीं। आम भोले-भाले लोगों को शिकार बनाया जा रहा है, जिससे किसी भी प्रकार के झांसे में नहीं आना है। एनिमेशन सेक्टर को समृद्ध करने से युवाओं को रोजगार के सुअवसर मिलेंगे। साथ ही भारत की प्राचीन विरासत गौरवशाली है, जिसको और भी अधिक समृद्ध करने की बात बोले जो निश्चित ही विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त करने में हमें नई दिशा प्रदान करेंगे। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुशीला बारीक, महिला कार्यकर्ता राधा डडसेना, संतोषी डडसेना, सीतिया डडसेना, लता देवांगन, श्याम बाई चौहान, गीतांजलि नाग, देवकी यदु, प्रेमबाई, समारी बाई, शशीकांत बारीक सहित अन्य कार्यकर्ता व महिला उपस्थित रहे।



# टेमरी में स्काउट्स-गाइड्स का दीक्षा संस्कार कार्यक्रम

**सरायपाली।** भारत स्काउट्स एवं गाइड संघ के अन्तर्गत शिवाजी ओपन रोवर क्रू द्वारा एडवांस रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान के नेतृत्व में शिशुपाल पर्वत की गोद में बसे ग्राम टेमरी के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में रोवर्स के लिए टू ओवर नाइट कैंप एवं रोवर दीक्षा संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो रोवर का परंपरा अनुसार दीक्षा संस्कार कराया गया। ध्वज समारोह के साथ ग्रुप फ्लैग को क्षैतिज रुप से रोवर बाएं हाथ से पकड़कर दाहिने हाथ से स्काउट साइन बनाकर सेवा धर्म अपनाने प्रतिज्ञा लिया, जिन्हें सदस्यता बैज, शोल्डर स्ट्राइप्स, ग्रुप स्कार्फ और वॉगल, कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में उन्होंने बायां हाथ मिलाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाशचंद्र मांझी बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त (स्काउट) के साथ स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी, पूर्व सचिव हेमंत चौधरी, स्काउटर अजय कुमार आर्य, योगेंद्र प्रधान एवं अन्य सहयोगी ग्रामीणों की उपस्थिति रही। दीक्षा संस्कार का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए इस अवसर पर बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा धर्म जीवन को एक नया आयाम देता है। दक्ष/कुशल रोवर्स का महत्व काफ़ी अधिक होता है। क्योंकि, वे विभिन्न कार्यों का सक्रियता के साथ उत्साह से नेतृत्व करते हैं, उन्होंने रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान एवं उपस्थित रोवर्स की सराहना करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान एवं उपस्थित रोवर्स को आवश्यक मार्गदर्शन करते हुए रोवरिंग के आवश्यक घटकों पर प्रकाश डाला और इस कैंप की सराहना किया। पूर्व सचिव हेमंत चौधरी ने कहा कि सेवा कार्य में रोवर्स अग्रणी रहते हैं, इसलिए सभी इनके प्रगति के लिए सहयोग देने प्रयत्नशील रहते हैं। योगेंद्र प्रधान ने कहा कि रोवर्स विश्वसनीय होने के साथ राष्ट्र सेवा हेतु तत्पर रहते हैं। इसलिए, रोवर्स की अपनी एक अलग पहचान है। स्काउटर अजय कुमार आर्य ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाले शिविरों को सफल बनाने में दक्ष रोवर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रभारी प्राचार्य सरधाराम सिदार का पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि प्रथम रात्रि कैंप में सचिव यशवंत कुमार चौधरी, स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना एवं दयानंद चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक अनिरुद्ध पटेल ने अपनी उपस्थिति शिविरार्थियों के बीच देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन किया। इस दौरान स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग/रोवरिंग अनुशासित ढंग से सेवा सहित जीवन जीने की कला सिखाता है। रोवर्स की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए सेवाकार्य करने, दक्षता संवर्धन के लिए प्रेरित किया और शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए एडवांस कोर्स प्रशिक्षित रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान की इस प्रयास की सराहना किया। स्काउटर चक्रधर प्रसाद डडसेना ने कहा कि रोवर्स को आगे बढ़ाने पूरा सहयोग दिया जाएगा, टीम भावना का पूर्ण सम्मान किया जाएगा। स्काउटर दयानंद चौधरी ने शिवाजी ओपन रोवर क्रू सरायपाली द्वारा किए जा रहे यूनिट स्तरीय गतिविधियों की तारीफ की। सभी ने पीस आफ मैसेंजर के रुप में साइन बनाकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रोवर मनीष प्रधान, मनीष साहू, देवराज सिदार, डुलेश साहू, विकास राणा, आयुष भोई, ओमप्रकाश भोई, पंकज प्रधान, शेखर मिश्रा, यश महापात्र, टेकचंद यादव, अनिकेत सिंह, रुपेश पटेल, भावेश सिंह, राज बेहरा, किरण देहरी, अरुण पटेल, ओमप्रकाश, खीरसागर प्रधान, नीतू राजपूत आदि उपस्थित रहे।



# देव संस्कृति में छात्राओं ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दीप यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि बीएन गुप्ता थे। अध्यक्षता शशि प्रभा थिटे थे। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी थे। अन्य अतिथियों में देव संस्कृति शिक्षा एवं कल्याण समिति के सदस्य भगत राम साहू, बोध राम साहू, नरेश साहू, दूषण लाल साहू, विश्राम साहू, श्रवण चंद्राकर, रामकुमार साहू, मनहरण लाल साहू, धनवंतरी सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। बाद छात्र संघ के सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर किया गया। पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा सुआ नृत्य, राउत नाचा, रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यालय के कक्षा छठवीं सी 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। अतिथियों ने कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सभी स्टाफ को अतिथियों द्वारा गिफ्ट प्रदाय किया गया। अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन प्रस्तुत किए गए। इसी कड़ी में संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह त्यौहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। संस्था के अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला। अतिथियों, समस्त स्टाफ, पालक तथा अन्य व्यक्तियों ने द्वीप यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां 1001 (एक हजार एक) दीपों से विद्यालय के भवनों के चारों तरफ दीपक जलाए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन गायत्री सेन किया। कार्यक्रम में संस्था की समस्त स्टाफ कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे (अध्यक्ष), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, ऋषभ साहू, जितेंद्र कुमार चक्रधारी, लोकेश कुमार चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, भूखन निषाद, रेखराम पटेल, अनिता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, किरण विश्वकर्मा, जयश्री श्रीवास्तव, योगिता कन्नौजे, योगिता महाकुर, पम्मी यादव, सविता महंती, भूमिका चंद्राकर, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, ममता प्रजापति, गायत्री साहू,लक्ष्मी साहू, गौरी साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।




## परसदा हाईस्कूल में 32 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**महासमुंद।** शासकीय हाई स्कूल परसदा ख में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए 32 छात्राओं साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ माखन सिन्हा विधायक प्रतिनिधि रहे। इस अवसर पर हाईस्कूल के अध्यक्ष यादराम साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष शेखर चंद्राकर, कोषाध्यक्ष खेमराज साहू, बूथ अध्यक्ष टीकम देवांगन, लछन ध्रुव, योगीराम ध्रुव, प्राचार्य दीपक साहू, शिक्षक वृंद एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## भाजपा के सक्रिय सदस्यों को जोड़ा गया



**तेंदूकोना।** भाजपा सदस्यता अभिमान को ध्यान में रखते हुए बागबाहरा ग्रामीण मंडल के गांजर, मुनगासेर में सक्रिय सदस्यों को जोड़ा गया। पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामखिलावन साहू सहित मंडल में कई सक्रिय सदस्यों को जोड़ा गया। इस तरह बागबाहरा ग्रामीण मंडल के सक्रिय सदस्यों की संख्या 75 पर पहुंच चुकी है।

# कांग्रेसियों ने जलाया गृह मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत दिनों बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा में पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत तथा प्रदेश में लगातार अनेक जिलों में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर जनता में आक्रोश है। एक के बाद एक जिले में पुलिस की कार्यशैली तथा बर्बरता से प्रदेश मे अराजकता का माहौल बनता जा रहा है। ऐसा लगता है कि प्रदेश की भाजपा सरकार, गृहमंत्री तथा मुख्यमंत्री को प्रदेश का अमन चैन पसंद नहीं आ रहा है, इसलिए कांग्रेस पार्टी ने आक्रामक रुख अपनाते हुए प्रदेश भर में मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री का पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज करवाया। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में नेहरू चौक महासमुंद में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला जलाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी अंकित बागबाहरा, जिला प्रभारी महामंत्री सुनील शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, प्रदीप चंद्राकर, राजू साहू, ममता चंद्राकर, नितेंद्र बनर्जी, मेहुल सूचक, प्रकाश अजमानी, संतोष ठाकुर, ममता चंद्राकर, निखिल चंद्राकर, युवराज साहू, टोमन कागजी उपस्थित रहे।









## जेसीबी ड्राइवर ने मारपीट की

**महासमुंद।** दशगात्र कार्यक्रम से वापस लौट रहे एक परिवार के साथ जेसीबी ड्राइवर ने मारपीट कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघी का जीवराखन यादव 26 अक्टूबर को अपने लड़के भूपेंद्र यादव, पत्नी ज्योति यादव के साथ ग्राम खड़सा बाइक में बैठकर दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था। दशगात्र कार्य समाप्त होने के बाद तीनों वापस ग्राम सिंघी आ रहे थे। ग्राम लोहार गांव के कृष्णा डॉक्टर वाली संकरी गली में महेश्वर ध्रुव जो जेसीबी लेकर आ रहा था, जिसे प्रार्थी के लड़के ने बाइक निकालने के लिए साइड देने कहा, जिस पर आरोपी महेश्वर ध्रुव उत्तेजित हो गया एवं गाली हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने पहुंचे प्रार्थी और उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है.

# चैंबर और कैट ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स और कैट की सीजी चेप्टर इकाई ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने आया त्योहार चलो बाजार अभियान शुरू किया है। इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों के घरों में रोशनी लाने 11 हजार मिट्टी से बने दीपों का वितरण किया गया। रवि भवन जयस्तंभ चौक पर इस कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की।

■ चाइनीज लाइटों और विदेशी डेकोरेटिव चीजों का बहिष्कार करने की अपील

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि दीप वितरण कार्यक्रम चैंबर की ओर से एक छोटी सी पहल है। इसके माध्यम से प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और आम जनता से यह अपील है कि वे चाइनीज लाइटों एवं चाइनीज डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर मिट्टी के दीए जलाएं। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं।



चैंबर और कैट सीजी चेप्टर इकाई के दीप वितरण कार्यक्रम में 11-11 दीपों का 1 हजार पैकेट तैयार कर 11 हजार दीपक वितरित किए गए। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कैट सीजी चेप्टर के परमानंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मंत्री रतन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


BBG BAGBAHARA BUSINESS GROUP
बागबाहरा बिजनेस ग्रुप
धनतेरस एवं दिपावली की शुभकामनाएं
डबल धमाका
18 LAKH के उपहार
1356 निश्चित उपहार
बागबाहरा बिजनेस ग्रुप के सभी 19 दुकानों में
निश्चित खरीदी पर आपको मिलेगा उपहार कूपन
अब आपके कुपन शामिल होंगे दोनो (2) ड्रा में
पहला मिनी ड्रा 12/11/2024 एवं दुसरा मेगा ड्रा 15/05/2025
मेगा ड्रा 15/05/2025
1st Prize
ALTO K10 VXI
2nd Prize
Hero Splendor+
3rd Prize
1 नग LG LED TV 43"
4th Prize
1 नग फ्रिज LG
5th Prize
1 नग कुलर सिम्फनी
6th Prize
19 नग MI मोबाईल
7th Prize
950 नग मिलटन वाटर जार 5L
आप आमंत्रित हैं
मिनी ड्रा - 12/11/2024 (जेठौनी) स्थान- दुर्गा मंदिर के सामने
1st Prize
1 नग HF100 बाईक
2nd Prize
1 नग LG 7kg वाशिंग मशीन
3rd Prize
380 नग केसरॉल
विशेष- योजना में शामिल दुकानदार का परिवार जैसे- माता,पिता,पुत्र,पुत्री इस योजना का लाभ नही ले सकेंगे।
अनिल सुपरमार्केट 7415118350
किसान बीज भंडार 9754633257
जैन इलेक्ट्रिकल्स & फर्नीचर्स 9926102450 , 7748802450
लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स 9893807999
छाबड़ा ऑटो पार्ट्स 9329090300
आकाश इन्फोटेक 7000866310
गिरधारी ज्वेलर्स 9926159350
नवरंग फैन्सी क्लॉथ स्टोर्स 9617410163
गणपति पेट्रोल पंप HP 7024234018 HP
आर.के.ऑटोमोबाईल्स 7748806487 , 7746006487
हैलो मोबाईल जोन 9165107000
न्यू जनता बूट & बैग हाउस 9753220208
प्रियंका ऑटो केयर 8120009100
सीताराम अग्रवाल एंड ब्रदर्स 9424200258
रज़ा बेकरी & फ्लेक्स प्रिंटिंग 8103578880 , 9713425802
अर्जुन ट्रेडर्स श्री रामनगर मसाले 9098565004 , 7000102872
गोलछा स्टेशनरी 9926162220
शांति मेटल्स (बर्तन भंडार) बच्छराज जैन 9630806370
छत्तीसगढ जनरल स्टोर्स डॉली फैंसी स्टोर्स 7415564536 , 6268211421
नियम एवं शर्तें- 1. घोषित किए उपहार ही दिए जाएंगे। 2. उपहार के संबंध में नियम एवं शर्तें लागू है। 3. योजना के संबंध में अंतिम निर्णय बागबाहरा बिजनेस ग्रुप का होगा।

## खबर संक्षेप

### विस उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति



**महासमुंद।** भाजपा की प्रदेश पार्टी द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें महासमुंद से पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा को रायपुर दक्षिण विधानसभा के सिविल लाइन मंडल क्षेत्र के चुनाव कार्य का आबंटन किया गया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ मिलकर संयुक्त संचालक का कार्य संभालेंगे। डॉ. चोपड़ा ने पूर्व विधानसभा चुनाव में रायपुर दक्षिण विधानसभा में विधानसभा संचालक का कार्यभार संभाला था। जिसमें पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल भारी मतों से विजयी हुए।

### आनंद पौराणिक फिर बने साहित्य समिति आस्था के अध्यक्ष



**महासमुंद।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर स्थानीय त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में साहित्य समिति आस्था के पुनर्गठन संबंधी बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर पुनः आनंद तिवारी पौराणिक को ध्वनि मतों से चुने गए। उनके नाम का प्रस्ताव एस चंद्रसेन ने रखा, जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया। सदस्यों ने संरक्षक एस चंद्रसेन को चुना। सरिता तिवारी व सुरेंद्र अग्निहोत्री उपाध्यक्ष तथा सचिव, मीडिया प्रभारी टेकराम सेन चुने गए। कोषाध्यक्ष सुजाता विश्वनाथन एवं कार्यकारिणी के सदस्यों में केआर चंद्राकर, कमलेश पांडेय व एमआर विश्वनाथन चुने गये। समिति के निर्वाचित अध्यक्ष आनंद पौराणिक ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व निष्ठा से ही यह समिति तीन दशकों से राष्ट्रभाषा हिंदी पर्व मातृभाषा छत्तीसगढ़ी की सेवा व प्रचार-प्रसाद में निर्बाध रुप से कार्य कर रही है। उक्ताशय की जानकारी सचिव व मीडिया प्रभारी टेकराम सेन ने दी।

**धर्म-कर्म:** यज्ञ, पूर्णाहुति, शोभायात्रा के साथ हुआ शिव महापुराण का विराम

# भगवान शिव स्तुति करने से श्रद्धालु भक्तों को मिलते हैं बड़े लाभः अरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


ग्राम एमकेबाहरा में शिव महापुराण के विराम दिवस पंडित अरुण तिवारी ने आखिर कैसे

- **शिवमहापुराण कथा के आखिरी दिन भक्तों को कराया गया शिव तांडव स्तृति का रसपान**

हुई शिव तांडव स्तुति की रचना के संदर्भ में उपस्थित श्रोतागण को कथा का रस पान कराया। उन्होंने बताया शिव स्तुति करने से बड़े लाभ भक्तों को मिलते है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए उनके निमित्त कई पूजा-पाठ शास्त्रों में बताए गए हैं। लेकिन शिव तांडव स्तोत्र शिव पूजा से जुड़ी एक अद्भुत कथा है। शिवमहापुराण के अनुसार देवों के देव महादेव सभी के इष्ट हैं, चाहे वह देव हो या दानव हर किसी पर उनकी कृपा बरसती है। यहां तक कि लंका के राजा रावण जैसा अहंकारी भी शिव भक्तों की प्रथम सूची में गिना जाता था।

भोलेनाथ के सबसे लोकप्रिय स्तुति शिव तांडव स्तोत्र की रचना से जुड़ी पौराणिक कथा कि लंका पति रावण भगवान शिव की आराधना करता था और उन्हें अपना गुरु भी मानता था।


पौराणिक कथा के अनुसार एक बार रावण ने सोचा की क्यों न भोलेनाथ को कैलाश पर्वत सहित उठा कर अपने सोने की लंका में ले आया जाए। जब रावण अपने अहंकार से लिप्त कैलाश पर्वत की ओर बढ़ा तो उनको शिव के वाहन नंदी ने रोका और कहा कि रावण आप कैलाश की सीमा को पार नहीं कर सकते, क्योंकि प्रभु अपनी तपस्या में लीन हैं और उनकी तपस्या में आप विघ्न डालने का प्रयास न करें। इतने में रावण को क्रोध आया और उसने वह सीमा लांघ दी और अपने बल के प्रयोग से कैलाश पर्वत को जैसे ही उठाने चला भगवान शिव ने कैलाश को अपने पैर के एक अंगूठे से दबा दिया और रावण शरीर सहित उस कैलाश पर्वत के नीच दब गया। तब उसने शिव को प्रसन्न करने के लिए स्तुति की, उस स्तुति से शिव प्रसन्न हुए और रावण को मुक्त किया। रावण ने जो स्तुति कि वह शिव तांडव स्तोत्र के नाम से जानी गई। इस स्तुति का वर्णन वाल्मिकी रामायण में भी देखने को मिलता है।



### यज्ञ हवन कर निकाली गई शिवमहापुराण की शोभायात्रा

इस प्रकार शिव तांडव स्तोत्र की रचना रावण द्वारा हुए शिव तांडव से भगवान महादेव की असीम कृपा प्राप्त होती है। यदि किसी कार्य में बार-बार रुकावटें आ रही हैं और सफलता हाथ नहीं लग रही, तो यह स्तोत्र का नित्य पाठ करने से हर कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाता है। मान्यता है कि जिन लोगों का आत्मबल कमजोर होता है, यदि वह शिव तांडव स्तोत्र का पाठ नित्य करते हैं तो उनको सकारात्मक परिणाम देखने को मिलता है और उनका मनोबल मजबूत होता है। शिव महापुराण के अनुसार शिव तांडव स्तोत्र का नित्य नियमपूर्वक पाठ करने से जीवन का दुःख, चिंता, अनेक प्रकार का भय और ग्रह दोष से शीघ्र मुक्ति मिलती है और शिव कृपा बरसती है। कथा पश्चात यज्ञ हवन कर आम भंडारा का आयोजन हुआ। शिवमहापुराण की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के प्रायः सभी घरों के द्वार पर रंगोली से सजावट कर शोभायात्रा का देर रात तक स्वागत किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नहीं रहे कोमाखान जमींदार परिवार के थियेंद्र प्रताप सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान जमींदार परिवार के थियेंद्र प्रताप सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोमाखान, राजकुमार कॉलेज रायपुर में हुई थी। उच्च शिक्षा एमबीए की शिक्षा नागपुर से की। उन्होंने पढ़ाई के बाद खेती किसानी में विशेष ध्यान देकर उन्नत खेती करने लगे। फसल चक्र परिवर्तन, जैविक कृषि, जैव पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करते रहे। सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों बढ़ चढ़कर भाग लिया। सुअरमारगढ़ के संरक्षण एवं कोमाखान राज परिवार के ऐतिहासिक दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका, सुअरमारगढ़ के संरक्षण, ऐतिहासिक पुरातत्विक स्थल घोषित कराने में उनका अथक प्रयास रहा। राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रहते हुए धार्मिक कार्यक्रमों भागीदारी रही। आदिवासी समाज की रैलियों में अग्रपंक्ति में ध्वज लिए प्रेरित करते। वे सादगी के प्रतिमूर्ति थे, सहजता धीरज, धैर्य, मृदु भाषी होने के साथ बहुत अच्छे श्रोता थे।

चुने हुए शब्दों का प्रयोग करते, उनके पेंट, कुर्ता, गमछा के साथ खेती वाले घुटने तक के जूते उनकी खास पसंद रही। उनका सादा भोजन, अल्पाहारी, अल्प व्ययी जीवन शैली लोगों को प्रेरित करता रहेगा। 25 अक्टूबर 2024 को अनंत यात्रा के लिए निकल पड़े। अंतिम यात्रा में राजपरिवार के विभिन्न राज्यों के मेहमान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज के अनेक सदस्य तथा ग्राम पंचायत कोमाखान एवं अन्य समीप के गांव के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शिविर में लोगों को जड़ी-बूटी का परिचय व रोगानुसार कराया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रोग निवारण योग शिविर के आठवें दिन लोगों को जड़ी बूटी परिचय व रोगानुसार योग कराया गया। नगर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में पूनम पटले महामंत्री द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कॉलोनी के समस्त योग साधक उत्साहपूर्वक सम्मिलित हो रहे हैं। शिविर के आठवे दिवस पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष तिलक साव द्वारा जड़ी बूटी परिचय एवं विभिन्न रोगों में औषधि के रूप में काम आने वाली प्रकृति से परिचय करवाया गया तथा सर्वाइकल, गठिया, जोड़ों का दर्द, शुगर, ब्लड प्रेशर, माइग्रेन लकवा आदि संबंधी रोग अनुसार जड़ी बूटियां की जानकारी दी गई तथा तिलक साव द्वारा बच्चों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग पर भयावह दुष्परिणामों से परिचय करवाया गया तथा आवश्यकता अनुसार मोबाइल का उपयोग करना चाहिए। मोबाइल का अत्यधिक उपयोग जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। साथ ही शिविर में जिला अध्यक्ष महिला पतंजलि सुमती साहू, संरक्षिका कुमुदिनी साव, भारत स्वाभिमान न्यास के राय तथा पतंजलि किसान समिति के केशव देवांगन आदि मौजूद रहे।

# कोमा में उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी और घर-घर जाकर सर्वे करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत कोमा में मुख्य

- **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी तथा एसडीएम एवं सीईओ बागबाहरा ने उल्टी दस्त प्रभावित ग्राम कोमा का किया निरीक्षण**



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया द्वारा बैठक कर समीक्षा एवं ग्राम कोमा में फैले उल्टी दस्त के रोगियों की निगरानी सहित घर-घर जाकर सर्वे करने के लिए निर्देशित किया गया। जिसमें प्रभावित मरीजों का उपचार सहित बचाव एवं रोकथाम करना तथा सर्वे की रिपोर्ट प्रति दिवस दो बार सर्वे कर सर्वे टीम चिकित्सा दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर उच्च कार्यालय को प्रेषित करना संबंधित निर्देश दिए गए एवं गंभीर मरीज को तत्काल रेफर कर अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार चालू कराना। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश कुमार साहू एवं सीईओ फकीर चरण पटेल द्वारा प्रभावित ग्राम का दौरा कर सर्वे टीम एवं स्वास्थ्य शिविर में जाकर चिकित्सक से जानकारी लिया गया एवं दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्राम सरपंच सविता गोस्वामी एवं आमजन से स्वच्छता तथा संक्रमित जल स्रोत को बंद कर टैंकर से शुद्ध पेयजल के लिए अनुरोध किया गया एवं ग्राम पंचायत कोमा में लगे स्वास्थ्य शिविर में प्राथमिक उपचार करने के निर्देश दिए गए हैं एवं गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल में भर्ती करने के लिए चिकित्सा दल को निर्देश दिया गया। चिकित्सीय टीम को दिन एवं रात में शिविर लगाकर उपचार करने सहित प्रति दिवस जानकारी प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में सीएमएचओ डॉ. पी कुदेशिया एवं जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी डॉ छत्रपाल चंद्राकर सहित खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बडई एवं खंड विस्तार अधिकारी मीनकेतन चौधरी तथा बीपीएम हेम कुमार सोनकर सहित डॉ दिलीप सतपति, बीएल मिश्रा सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक मीना चन्द्राकर एवं धनंजय साहू सेक्टर सुपरवाइजर सहित सेक्टर खल्लारी के समस्त कर्मचारी सीएचओ, आरएचसी महिला एवं पुरुष व ग्राम की मितानिन, कोटवार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वृंदावन विद्यालय में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन, छात्रों ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वृंदावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पहचान गोंड जाति का प्रमुख नृत्य सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें नारी जाति की सुख, दुख पीड़ा का वर्णन किया जाता है। टोकरी में सुआ को रखकर जो आत्मा का प्रतीक है। साथ ही राउत नाचा, रंगोली, ग्रीटिंग कार्ड, थाली सजावट आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का श्रीगणेश माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती वंदना से हुई। संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन ने छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशीष वचन दीप की प्रकाश समान प्रकाशित आलोकित, चेहरे पर सदा मुस्कान बनाए रखने को कहा। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकानाएं दी एवं परिवार व दोस्तो के साथ धूमधाम से दीपावली पर्व मनाने को कहा। इसी तारतम्य में सभी छात्र-छात्राओं को चॉकलेट एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिठाई एवं उपहार ससम्मानपूर्वक भेंट किए। आभार व्यक्त उपप्राचार्य इंदू मिश्रा ने किया। रंगाली, ग्रीटिंग कार्ड, थाली सजावट आदि प्रतियोगिता हुई।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रेरणा बिशाल व लोकेश्वरी साहू, द्वितीय प्रियांशी चंद्राकर, पूर्वा चंद्राकर, तृतीय तनुजा, टिकेश्वरी समृद्धि व राधिका रही। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री, अमृता चंद्राकर, रेखा साहू, जागृति साहू, संध्या सोना, दामिनी वैष्णव, सुषमा साहू, चंदना सोनी, नीरू मांझी, सुमन साहू, यशवंत धृतलहरे, वर्षा चंद्राकर, साधना राठौर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, नदिनी साहू, अंशु यादव, हीरा साहू, मोनिका साहू, स्वाति ठाकुर, प्रवीण साहू, लक्ष्मीनारायण साहू का योगदान रहा।

# प्रदेशवासियों का भाजपा सरकार से उठा भरोसाः विनोद

## पूर्व संसदीय सचिव ने कहाः सड़कों की दुर्दशा तथा स्कूलों में शिक्षकों की है कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की जनता अब समझ चुके हैं कि उनके किसी भी समस्या का समाधान भाजपा राज में नहीं हो पाएगा। इसलिए किसी ग्राम के ग्रामीण एकजुट होकर स्वयं सड़क बना रहे हैं, तो कोई राशि एकत्र कर स्कूल के लिए शिक्षक की व्यवस्था कर रहे हैं।

उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सड़कों की दुर्दशा तथा स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर व्यक्त की। चंद्राकर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले शिक्षा मंत्री (अब सांसद) बृजमोहन अग्रवाल ने मीडिया के समक्ष बुलंद आवाज में कहा था कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार 33 हजार शिक्षकों की भर्ती करने जा रही है, जिसमें प्रदेश के बीएड, डीएड डिग्रीधारी युवाओं को भर्ती किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश के युवाओं को आश्वस्त किया था कि सरकार द्वारा शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लेकिन, उनके कथन को 5 माह बीत गए, उन्हीं के सरकार ने अग्रवाल को झूठा साबित कर दिया। प्रदेश में सरकार बने लगभग साल पूरे होने को है, संसदीय चुनाव भी 5 माह बीत गए।



अग्रवाल की बातों पर विश्वास कर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं ने भाजपा को संसदीय चुनाव में खुले दिल से सपोर्ट किया। पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदेश की जनता ने भाजपा को 10 सांसद दिए। लेकिन, 33 हजार तो दूर 33 शिक्षक ही इस सरकार ने भर्ती नहीं की। पूर्व संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गरीब वर्ग के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की बेहतर पढ़ाई के लिए प्रदेश में स्वामी आत्मानंद के नाम पर स्कूलों की शुरुआत की। बघेल का सोच था कि गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मिले। जिसका परिणाम यह रहा कि गत शिक्षा सत्र का नतीजों में स्वामी आत्मानंद स्कूलों के बच्चों का परिणाम पूरे प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा। लेकिन, भाजपा की सरकार आते ही स्वामी आत्मानंद के नाम पर संचालित इन स्कूलों को दुर्भावनावश कमजोर करने की कवायद शुरू कर दी गई। जिसका स्पष्ट उदाहरण महासमुंद जिले के सीमावर्ती ग्राम कोमाखान है। जहां संचालित स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में चालू शिक्षा सत्र से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी है। यहां के ग्रामीण भाजपा के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद, कलेक्टर, एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन, आवेदन दे देकर थक गए, लेकिन कोई पहल नहीं की गई। अंत में बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता देख क्षेत्र के पालक अब स्वयं राशि एकत्र कर मानसेवी शिक्षक नियुक्त करने की तैयारी कर चुके हैं। कोमाखान स्कूल में एक हजार बच्चे अध्ययनरत हैं, क्षेत्र के पालकों द्वारा लिए गए निर्णय से चहूंओर सरकार की थूं-थूं हो रही है। इसके अलावा पूरे प्रदेश सहित जिले के सड़कों का हाल किसी से छिपी नहीं है। जिले के पिथौरा ब्लॉक के कुरकुटी से बलौदा बाजार जिले के बया गांव तक सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में था। कई महीनों से दोनों जिले के ग्रामीण अपने अपने जिला स्तरीय अधिकारियों को ज्ञापन आवेदन देते रहे कि सड़क की मरम्मत कराई जाए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अंत में दोनों ग्रामों के लोगों ने संयुक्त रूप से आर्थिक व पारिश्रमिक सहयोग कर स्वयं श्रमदान कर सड़क मरम्मत का कार्य कर किया, जो सरकार के लिए शर्म की बात है।

### दशहरा मैदान में भागवत कथा 3 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय दशहरा मैदान नया रावणभाठा में 3 से 11 नवंबर तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। व्यासपीठ से भागवत कथा का बखान पंचकोशी धाम फिंगेश्वर वाले भागीरथी महाराज कथा का रसपान कराएंगे। आनंद राम सिन्हा, गणेश राम सिन्हा, दीपक सिन्हा की स्मृति में आयोजित कथा में प्रतिदिन सुबह 8 बजे तुलसी परिक्रमा होगा। 3 नवंबर को देवी पूजन स्थापना, 4 को कथा प्रारंभ, 5 को ध्रुव चरित्र, 6 को प्रहलाद चरित्र, 7 को श्रीराम-कृष्ण जन्म, 8 को रूखमणि विवाह, 9 को सुदामा चरित्र, 10 को परीक्षित मोक्ष, 11 को गीता ज्ञान का उपदेश होगा।

# पॉलीटेक्निक के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की पहल दीवाली विद माय भारत के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर एवं बृजेश सिंह चंदेल (एमटीएस) के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र महासमुंद के सहयोग से यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक संचालित हो रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता थीम के अंतर्गत महासमुंद के सब्जी मंडी, गोल




बाजार, सदर लाइन, अपना मार्केट, कांग्रेस भवन चौक में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रैली निकालकर दीपावली पर जिस प्रकार हम अपने घरों की सफाई करते हैं, उसी प्रकार अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता अभियान के तहत पोस्ट ऑफिस चौक, अपना मार्केट चौक, गोल बाजार और सब्जी मंडी के आसपास का क्षेत्र स्वच्छ किया गया, जहां से 30 किलोग्राम सिंगल-यूज़ प्लास्टिक एकत्रित किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा महामाया मंदिर परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष शंभू साहू और अन्य सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा एनएसएस स्वयंसेवकों के इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक गुलशन साहू, फाल्गुन सिदार और मुस्कान साहू ने किया। कार्यक्रम में सौरभ सिन्हा, गुलशन पटेल, सुमन, मनीष, गोवर्धन और अन्य स्वयंसेवकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में उपपुलिस अधीक्षक कार्यालय, यातायात महासमुंद द्वारा अगले दिन की कार्ययोजना के लिए चर्चा की गई। स्वयंसेवकों को यातायात में सहयोग प्रदान करने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी गई।

